भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

05 जुलाई 2018

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह जी द्वारा आगरा, उत्तर प्रदेश में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

पहली बार देश के हर गरीब में आशा और विश्वास का संचार हो रहा है कि आज देश में एक ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो उनके बारे में सोच रहे हैं, उनके उत्थान के बारे में सोच रहे हैं

****

आज एक ओर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं तो दूसरी ओर लगभग सारा विपक्ष। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी जहां देश से भ्रष्टाचार, गरीबी और अव्यवस्था को हटाना चाहते हैं, वहीं विपक्ष देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री जी को हटाना चाहता है

****

मुझे पूरा भरोसा है कि 2019 में फिर से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति देश की जनता श्रद्धा और विश्वास व्यक्त करेगी, उत्तर प्रदेश में गत चुनाव से भी ज्यादा समर्थन हमें मिलेगा और देश में एक बार फिर से मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की पहले से भी ज्यादा बहुमत के साथ सरकार बनेगी

****

कांग्रेस एंड कंपनी को देश की सेना पर विश्वास नहीं है, न्यायपालिका पर विश्वास नहीं है, देश की संसद और संवैधानिक संस्थाओं पर विश्वास नहीं हैं, उनका एकमात्र मंत्र किसी भी तरह से केवल सत्ता प्राप्त करना रह गया है

****

अभी कल ही मोदी सरकार ने खरीफ फसलों के समर्थन मूल्य को लागत मूल्य का डेढ़ गुना कर किसानों की आजादी के बाद से ही चली आ रही मांग को पूरा किया है जो यह सिद्ध करता है कि मोदी सरकार देश के किसानों के कल्याण के लिए कितनी प्रतिबद्ध है

****

बिना किसी कारण के कोई इकट्ठे नहीं आते, भारतीय जनता पार्टी और श्री नरेन्द्र मोदी के नाम का भय इतना है कि आज एक-दूसरे के धुर-विरोधी भी एक साथ नजर आ रहे हैं

****

भले ही बहन जी, अखिलेश यादव और राहुल गांधी इकट्ठे आ जाएँ लेकिन 2019 के लोक सभा चुनाव में भाजपा गठबंधन की यूपी में सीट 73 से 74 होगी, 72 नहीं होने वाली। सपा, बसपा और कांग्रेस इसलिए आ रहे हैं क्योंकि इनमें से किसी के पास भी भाजपा को अकेले हराने का दम बचा नहीं है

****

मुझे कांग्रेस अध्यक्ष को मोदी सरकार के चार साल का हिसाब देने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि राहुल गांधी को कांग्रेस के 55 साल के कुशासन और उनकी चार पीढ़ी के काम-काज का हिसाब देश की जनता को देना है

****

जिन्होंने गरीबों के झोपड़ी की चिंता छोड़ अपने खुद के बंगले बनाए और इस पर सरकार के करोड़ों रुपये खर्च कर दिए, कैसे उनकी आत्मा इसे स्वीकार कर लेती हाई और आज ऐसे लोग हमसे हिसाब मांग रहे हैं

****

आज देश के लगभग 1650 राजनीतिक पार्टियों में केवल भारतीय जनता पार्टी ही ऐसी पार्टी है जो किसी जाति अथवा परिवार के आधार पर नहीं बल्कि विचारधारा के आधार पर चलती है और जिसका एकमात्र उद्देश्य समग्र हिन्दुस्तान का कल्याण है

****

1950 से लेकर आज तक की भारतीय जनता पार्टी की यात्रा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानववाद के अमूल्य दर्शन 'अंत्योदय' की विचारधारा के आधार पर ही चली है

****

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार देश के 10 करोड़ परिवारों अर्थात् लगभग 50 करोड़ लोगों को विकास की मुख्यधारा में लाना चाहती है जिन तक आजादी के 70 साल बाद भी और कांग्रेस की चार पीढ़ियों के शासन के बावजूद विकास पहुँच नहीं सका

****

बहुत समय बाद यूपी की जनता को एक साफ़-सुथरी सरकार मिली है और ऐसा मुखिया मिला है जिसके लिए सूबे की जनता ही उनका परिवार है

****

सपा, बसपा और कांग्रेस का एजेंडा भाजपा को सत्ता से हटाना है जबकि भारतीय जनता पार्टी का एजेंडा विकास और सुशासन को आम जनता तक पहुंचाना है

****

आज देश के जन-मानस में यह विश्वास है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की अगुआई में भारत दुनिया का नेतृत्व करने जा रहा है और 21वीं सदी भारत की है

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज गुरूवार को आगरा, उत्तर प्रदेश में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित किया और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार के **4** बेमिसाल वर्ष की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने संबोधन की शुरुआत करते हुए कहा कि यदि आज देश में जनता की पूर्ण बहुमत की सरकार देश के विकास एवं आम जनता के कल्याण के लिए निर्णयक फैसले ले रही है तो इसका यश सर्वप्रथम उत्तर प्रदेश की महान जनता को जाता है।

श्री शाह ने कहा कि आज बहुत कम ही ऐसी पार्टियां बची है जो परिवारवाद अथवा जातिवाद के आधार पर राजनीति नहीं करती। **आज लगभग हर पार्टी का किसी न किसी जाति या परिवार विशेष के लिए काम करना ही उद्देश्य है। ऐसी पार्टियां परिवार और जाति विशेष तक ही सीमित होकर रह गई है, उन्हें राष्ट्र के विकास अथवा देश के आम नागरिक के कल्याण की कोई चिंता नहीं है।** उन्होंने कहा कि **आज देश के लगभग 1650 राजनीतिक पार्टियों में केवल भारतीय जनता पार्टी ही ऐसी पार्टी है जो किसी जाति अथवा परिवार के आधार पर नहीं बल्कि विचारधारा के आधार पर चलती है और जिसका एकमात्र उद्देश्य समग्र हिन्दुस्तान का कल्याण है।** यही भारतीय जनता पार्टी और देश की अन्य राजनीतिक पार्टियों के बीच का अंतर है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **1950 से लेकर आज तक की भारतीय जनता पार्टी की यात्रा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानववाद के अमूल्य दर्शन 'अंत्योदय' की विचारधारा के आधार पर ही चली है।** उन्होंने कहा कि **हमारा उद्देश्य विकास की पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को विकास की प्रथम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के बराबर लाना है।** उन्होंने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार और यूपी में योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार, दोनों ने अंत्योदय के सिद्धांत पर विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की सफल शुरुआत की है।**

श्री शाह ने कहा कि राहुल गांधी मोदी सरकार के चार सालों का हिसाब मांगते हैं। उन्होंने कहा कि **मुझे कांग्रेस अध्यक्ष को मोदी सरकार के चार साल का हिसाब देने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि राहुल गांधी को कांग्रेस के 55 साल के कुशासन और उनकी चार पीढ़ी के काम-काज का हिसाब देश की जनता को देना है।** उन्होंने कहा कि **देश की जनता को हमसे हिसाब मांगने का अधिकार है और भारतीय जनता पार्टी की तो परंपरा ही रही है जनता को अपने पल-पल और पाई-पाई का हिसाब देने की।** उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस, सपा, बसपा जैसी पार्टियां हमसे हिसाब मांगती हैं तो हमें आश्चर्य होता है। उन्होंने कहा कि **जिन्होंने गरीबों के झोपड़ी की चिंता छोड़ अपने खुद के बंगले बनाए और इस पर सरकार के करोड़ों रुपये खर्च कर दिए, कैसे उनकी आत्मा इसे स्वीकार कर लेती हाई और आज ऐसे लोग हमसे हिसाब मांग रहे हैं।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा करने से पूर्व 2014 से पहले की देश की स्थिति पर चर्चा करना जरूरी हो जाता है। उन्होंने कहा कि **2014 से पहले की स्थिति से आज का तुलनात्मक अध्ययन किये बगैर हम आज की स्थिति का सही से मूल्यांकन नहीं कर पायेंगे।** उन्होंने कहा कि 2014 के चुनाव के पहले यदि देश की स्थिति को देखें तो उस वक्त देश की सीमाएं सुरक्षित नहीं थी, महिलायें असुरक्षित थीं, देश का युवा आक्रोशित था, कांग्रेस सरकार के एक-के-बाद-एक घोटाले सामने आ रहे थे, सोनिया-मनमोहन की उस कांग्रेस सरकार पर 10 सालों में 12 लाख करोड़ रुपये के घपले-घोटाले के आरोप लगे थे और जनता किसी भी तरह से सरकार के कामकाज से संतुष्ट नहीं थी। उन्होंने कहा कि **कांग्रेस की यूपीए सरकार में हर मंत्री अपने आप को प्रधानमंत्री समझता था और प्रधानमंत्री को तो कोई प्रधानमंत्री समझता ही नहीं था।** उन्होंने कहा कि **राजनीतिक विश्लेषकों ने कांग्रेस की यूपीए सरकार को पॉलिसी पैरालिसिस से ग्रस्त सरकार मानने लगी थी, ऐसी परिस्थिति में देश की जनता ने आजादी के बाद पहली बार किसी गैर-कांग्रेसी दल को पूर्ण बहुमत देकर श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी को देश में सरकार बनाने का जनादेश दिया।** उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने सर्व-स्पर्शीय एवं सर्व-समावेशक विकास का मॉडल स्थापित किया है जिसके आधार पर आज देश दुनिया की प्रमुख ताकतों में शुमार हुआ है।

संयुक्त विपक्ष की अवधारणा पर करारा प्रहार करते हुए श्री शाह ने कहा कि **बिना किसी कारण के कोई इकट्ठे नहीं आते, भारतीय जनता पार्टी और श्री नरेन्द्र मोदी के नाम का भय इतना है कि आज एक-दूसरे को मारने पर धुर-विरोधी भी एक साथ नजर आ रहे हैं।** उन्होंने कहा कि **आज एक ओर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं तो दूसरी ओर लगभग सारा विपक्ष। उन्होंने कहा कि विपक्ष का नारा है - 'मोदी हटाओ' जबकि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का नारा है - भ्रष्टाचार, गरीबी और अव्यवस्था हटाओ।** उन्होंने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी जहां देश से भ्रष्टाचार, गरीबी और अव्यवस्था को हटाना चाहते हैं, वहीं विपक्ष देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री जी को हटाना चाहता है।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार देश के 10 करोड़ परिवारों अर्थात् लगभग 50 करोड़ लोगों को विकास की मुख्यधारा में लाना चाहती है जिन तक आजादी के 70 साल बाद भी और कांग्रेस की चार पीढ़ियों के शासन के बावजूद विकास नहीं पहुँच सका।** उन्होंने कहा कि **देपहली बार देश के हर गरीब में आशा और विश्वास का संचार हो रहा है कि आज देश में एक ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो उनके बारे में सोच रहे हैं, उनके उत्थान के बारे में सोच रहे हैं।** उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने चार सालों में लगभग चार करोड़ गरीब माताओं को गैस कनेक्शन दिए, साढ़े सात करोड़ शौचालयों का निर्माण किया, 31 करोड़ लोगों के बैंक एकाउंट खोले, 18 करोड़ बच्चों का मिशन इन्द्रधनुष के अंतर्गत निःशुल्क टीकाकरण सुनिश्चित किया, 12 करोड़ लोगों को मुद्रा बैंक की योजना से स्वरोजगार के लिए आसान ऋण उपलब्ध कराये और आजादी के 70 साल बाद भी बिजली से वंचित लगभग 19 हजार गांवों में बिजली पहुंचाई। उन्होंने कहा कि **2022 तक देश का ऐसा कोई भी घर नहीं होगा जहां बिजली न हो और कोई गरीब ऐसा नहीं होगा जिनके सिर पर अपनी छत न हो।** उन्होंने कहा कि **सपा, बसपा और कांग्रेस को ये काम आज तक दिखाई नहीं दिए क्योंकि उन्हें कभी मानवीय संवेदनाओं की**

चिंता ही नहीं रही। उन्होंने कहा कि **एक गरीब परिवार में जन्म लेने वाले श्री नरेन्द्र मोदी जी जब देश के प्रधानमंत्री बनते हैं तो वे गरीबों की वेदनाओं को समझते हैं और उनकी भलाई के लिए, उनके जीवन से गरीबी को दूर करने के लिए योजनायें बनाते हैं और उसका क्रियान्वयन करते हैं क्योंकि उन्होंने गरीबी को जिया है।** 'आयुष्मान भारत' योजना की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि **प्रधानमंत्री जी ने गरीबों के स्वास्थ्य की चिंता को ध्यान में रखते हुए देश के 10 करोड़ परिवारों अर्थात् लगभग 50 करोड़ लोगों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा देने का निर्णय लिया है जिसे देश की जनता 'नमो केयर' की संज्ञा दे रही है।**

श्री शाह ने कहा कि **देश के किसान आजादी के बाद से ही अपने फसल के उचित मूल्य की मांग कर रहे थे, न्यूनतम समर्थन मूल्य के रूप में फसल के लागत मूल्य का डेढ़ गुना मूल्य के निर्धारण की मांग कर रहे थे लेकिन पिछली कांग्रेस सरकारों ने इस दिशा में कोई प्रयास नहीं किये।** उन्होंने कहा कि **अभी कल ही मोदी सरकार ने खरीफ फसलों के समर्थन मूल्य को लागत मूल्य का डेढ़ गुना निर्धारित कर दिया है जो यह सिद्ध करता है कि मोदी सरकार देश के किसानों के विकास के प्रति कितनी कटिबद्ध है।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने दुनिया में देश के मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में अभूतपूर्व वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि आज विदेशों में लोग प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की एक झलक पाने और उनका स्वागत करने के लिए लालायित रहते हैं, यह देश के सवा सौ करोड़ भारतवासियों का सम्मान है। उन्होंने कहा कि जब दावोस में विश्व के तमाम शासनाध्यक्षों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी मातृभाषा हिंदी में उद्घाटन भाषण देते हैं तो सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। उन्होंने कहा कि आज दुश्मनों को उन्हीं की भाषा में और उनके घर में घुसकर जवाब दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि **उरी में हुए कायराना हमले का जवाब हमने घर में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक करके दिया लेकिन राहुल गांधी देश के जवानों की वीरता को 'खून की दलाली' कहते हैं। जब इसके सबूत मिलते हैं तो उनके मुंह सिल जाते हैं।** राहुल गांधी पर करारा प्रहार करते हुए श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस एंड कंपनी को देश की सेना पर विश्वास नहीं है, न्यायपालिका पर विश्वास नहीं है, देश की संसद और संवैधानिक संस्थाओं पर विश्वास नहीं हैं, उनका एकमात्र मंत्र किसी भी तरह से केवल सत्ता प्राप्त करना रह गया है।**

श्री शाह ने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने हर क्षेत्र में विकास के नए पैरामीटर स्थापित किये हैं।** उत्तर प्रदेश की स्थिति में भी व्यापक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि सपा और बसपा के काले दौर में नौकरी और विकास के लिए केवल जाति विशेष देखी जाती थी, यहाँ तक कि एफआईआर भी धर्म विशेष और जाति विशेष देखकर दाखिल हुआ करते थे। उन्होंने कहा कि **यूपी में पहले पुलिस आपराधिक तत्वों से डरती थी, आज योगी आदित्यनाथ जी के प्रशासन का डंडा इस तरह से चल रहा है कि अपराधी यूपी छोड़ने पर विवश हो रहे हैं।** उन्होंने कहा कि यूपी में फसलों की रिकॉर्ड खरीदी हुई है, किसानों की 35 हजार करोड़ से अधिक की कृषि ऋण माफी की गई है, अवैध बूचड़खानों का सफाया किया गया है, उद्योगों के लिए इन्वेस्टमेंट समिट आयोजित किये गए हैं और 'एक जनपद, एक प्रॉडक्ट' के कंसेप्ट को जमीन पर उतार कर राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की योजना बनाई गई है और इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट में

व्यापक इज़ाफा हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य में परीक्षाओं में चोरी पर नकेल कसी गई है, एम्स, यूरिया कारखाना, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर काम शुरू हो गया है और बुंदेलखंड एवं पूर्वांचल विकास प्राधिकरण की रचना भी कर दी गई है। उन्होंने कहा कि **योगी सरकार ने राज्य से जाति की राजनीति को समाप्त कर सर्वांगीण विकास की अवधारणा को धरातल पर चरितार्थ करने का काम किया है।**

उत्तर प्रदेश में सपा, बसपा और कांग्रेस के बेमेल गठजोड़ पर निशाना साधते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि भले ही ब**हन जी, अखिलेश यादव और राहुल गांधी इकट्ठे आ जाएँ लेकिन 2019 के लोक सभा चुनाव में भाजपा गठबंधन की यूपी में सीट 73 से 74 होगी, 72 नहीं होने वाली।** उन्होंने कहा कि **सपा, बसपा और कांग्रेस इसलिए आ रहे हैं क्योंकि इनमें से किसी के पास भी भाजपा को अकेले हराने का दम बचा नहीं है।** उन्होंने कहा कि **उत्तर प्रदेश की जनता जातिवाद और परिवारवाद की राजनीति करने वालों का समर्थन कदापि नहीं कर सकती, वह गरीबों की झोपडी की जगह अपने बंगले की चिंता करने वालों का समर्थन कभी भी नहीं कर सकती।** उन्होंने कहा कि **उत्तर प्रदेश की जनता ने तय कर लिया है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आगे बढ़ना है और उत्तर प्रदेश को देश का सर्वोत्तम प्रदेश बनाना है।** उन्होंने कहा कि **बहुत समय बाद यूपी की जनता को एक साफ़-सुथरी सरकार मिली है और ऐसा मुखिया मिला है जिसके लिए सूबे की जनता ही उनका परिवार है।**

श्री शाह ने बुद्धिजीवियों का आहवान करते हुए कहा कि **आपको जन मानस को योग्य और उचित फैसला लेने के लिए तैयार करना चाहिए, आपको भारतीय जनता पार्टी एवं अन्य पार्टियों की सरकारों के काम-काज का तुलनात्मक अध्ययन राज्य की जनता तक पहुंचानी चाहिए ताकि उन्हें सच्चाई मालूम हो सके**, आपको राज्य की जनता को यह समझाना चाहिए कि आखिर किस विचारधारा के आधार पर सपा, बसपा और कांग्रेस एक साथ आ रहे हैं, इनका हिडेन एजेंडा क्या है? उन्होंने कहा कि **सपा, बसपा और कांग्रेस का एजेंडा भाजपा को सत्ता से हटाना है जबकि भारतीय जनता पार्टी का एजेंडा विकास और सुशासन को आम जनता तक पहुंचाना है। उन्होंने समाज के प्रबुद्ध वर्ग से अपील करते हुए कहा कि जैसे-जैसे 2019 के लोक सभा चुनाव नजदीक आते जायेंगे, इनकी दोस्ती और बढ़ती जायेगी जबकि हमारी देश की जनता के साथ दोस्ती और प्रगाढ़ होने वाली है।** उन्होंने कहा कि **आज देश के जन-मानस में यह विश्वास है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की अगुआई में भारत दुनिया का नेतृत्व करने जा रहा है और 21वीं सदी भारत की है।** उन्होंने कहा कि **मुझे पूरा भरोसा है कि 2019 में फिर से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति देश की जनता श्रद्धा और विश्वास व्यक्त करेगी, उत्तर प्रदेश में गत चुनाव से भी ज्यादा समर्थन हमें मिलेगा और देश में एक बार फिर से मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की पहले से भी ज्यादा बहुमत के साथ सरकार बनेगी।**

(महेंद्र पांडेय)

कार्यालय सचिव